>

Title: Need to set up a Jawahar Navodaya Vidyalaya in Sultanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में नये जिले का गठन होने के बाद सुल्तानपुर में एक नवोदय विद्यालय स्वीकृत हुआ था। उक्त विद्यालय को स्वीकृत हुए चार साल बीत गए हैं परंतु भूमि के न मिलने के कारण उपरोक्त नवोदय विद्यालय की स्थापना अभी तक नहीं हुई है जिसके कारण सुल्तानपुर के ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों को नवोदय विद्यालय से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने एवं उनका देश को लाभ देने के लिए नवोदय विद्यालय को सुल्तानपुर जिले में स्थापित किया जाना अति आवश्यक है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में एक नवोदय विद्यालय शीघ्र स्थापित किया जाए।